संख्या-6/2023/1963ई/23-11-2022/006-1-1-38-2019टीसी

प्रेषक,

राज कुमार
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 06 जनवरी, 2023**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-2509/CE-HQ1/RS/SAH/2022-23, दिनांक 22-12-2022, पत्र संख्या-2508/CE-HQ1/RS/MBD/2022-23, दिनांक 22-12-2022, पत्र संख्या-2566/CE-HQ1/RS/AGR/2022-23, दिनांक 27-12-2022, पत्र संख्या-2567/CE-HQ1/RS/LKO/2022-23, दिनांक 27-12-2022 एवं पत्र संख्या-2568/CE-HQ1/RS/GON/2022-23, दिनांक 27-12-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 07 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 239.65 लाख (रू0 दो करोड़ उनतालीस लाख पैसठ हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत के उपरान्त लागत लागत	अब तक आवंटन	आवंटन
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 मुजफ्फ नगर	जनपद मुजफ्फनगर में राज्य/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण् अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत रम्बल स्ट्रिप, स्टॉप साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट साइन बोर्ड, हजार्ड साइन बोर्ड, शेवरन साइन बोर्ड, कॉशन साइन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग, एज लाइन, सेन्टर लाइन ट्री प्लेट, क्रैश बैरियर, लिपिटेड बार आदि का कार्य।	121.86 121.74	100.00	21.74
2	नि0ख0-2 बिजनौर	जनपद बिजनौर में नगीना बाईपास मार्ग पर यातायात की सुरक्षा साइनेज एवं रोड मार्किंग का कार्य।	17.38 16.97	5.00	11.97
3	नि0ख0-2 बिजनौर	जनपद बिजनौर में धामपुर बाईपास मार्ग पर यातायात की सुरक्षा साइनेज एवं रोड मार्किंग का कार्य।	18.87 18.48	5.00	13.48
4	नि0ख0-2 बिजनौर	जनपद बिजनौर में अफजलगढ़ बाईपास मार्ग पर यातायात की सुरक्षा साइनेज एवं रोड मार्किंग का कार्य।	8.72 8.56	2.00	6.56
5	प्रा0ख0 मथुरा	जनपद मथुरा में विश्व विख्यात बरसाना में लट्ठमार होली के दृष्टिगत राधारानी मन्दिर को जाने वाले रास्ते पर ड्रेन की पटरी पर क्रैश बेरियर का कार्य।	156.45 156.03	149.02	7.01
6	प्रा0ख0 लखनऊ	जनपद लखनऊ में रोड सेफ्टी के अन्तर्गत वी0आई0पी0 रोड स्थित पकड़ी पुल चौराहा ब्लैक स्पॉट का दीर्घ कालिक सुधार का कार्य।	39.09 37.40	8.00	29.40
7	नि0ख0-1 गोण्डा	जनपद गोण्डा में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत रम्बल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट साइन बोर्ड, शेवरन साइन बोर्ड, कॉशन साइन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग, क्रैश बैरियर, रिपीटेड बार आदि का कार्य।	178.74 163.19	13.70	149.49
		योग-:-			**239.65**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों

आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 2,39,65,000(रूपये दो करोड़ उनतालीस लाख पैसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371400 दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य केनामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या-6/2023/1963ई(1)/23-11-2022/006-1-1-38-2019टीसी, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in